तस्करी मामले में 10 साल की कैद

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रतिबंधित घटक के 490 कैप्सूल की तस्करी करते पकड़े गए युवक को 10 साल के कठोर कारावास से दंडित किया गया। यह निर्णय मंगलवार को एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजय कुमार भोजक ने सुनाया। दोषी मुक्तयार सिंह रायसिख निवासी खाटलबाना पर 50 हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

जुर्माना राशि कोर्ट में जमा नहीं करवाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अदालत के विशिष्ट लोक अभियोजक विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि खाटलबाना निवासी मुक्तयार सिंह रायसिख (36) पुत्र सुरजीत सिंह को सजा सुनाई गई है। यह मामला 14 मार्च 2019 को सदर थाने में तत्कालीन एसएचओ आईपीएस हितिका वासल ने दर्ज करवाया था। इसकी जांच इंस्पेक्टर माजिद खान ने की थी।

तत्कालीन आईपीएस एसएचओ ने गश्त के दौरान श्रीगंगानगर से हिन्दुमलकोट रोड पर 6 वाई के निकट यह कार्रवाई की थी। सामने से बाइक पर मुक्तयार सिंह आ रहा था। उसने पुलिस की जीप को देखकर बाइक सड़क पर ही छोड़ दी थी और खेतों की ओर भागने लगा। स्टाफ ने पीछा कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान एनडीपीएस घटक के 490 कैप्सूल बरामद हुए थे। नशील कैप्सूल की बिक्री के 1100 रूपए भी बरामद किए थे। आरोपी की बाइक की थी। पुलिस की पूछताछ में मुक्तयार सिंह ने कैप्सूल खाट लबाना निवासी हेमराज ओड राजपूत से खरीदकर लाना बताया। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भी भिजवाया। लेकिन न्यायालय में उसके खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं पाये गए।

मूंगफली खरीद में गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई : मीणा

बीकानेर,(कासं)। जिले में समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर और सभी उपखंड अधिकारियों के साथ बैठक की।

संभागीय आयुक्त ने जिला कलेक्टर और सभी एसडीएम को मूंगफली खरीद में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मीणा ने कहा कि गड़बड़ी

- **मूंगफली खरीद में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर संभागीय आयुक्त ने ली बैठक**

में किसी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी की संलिप्तता भी अगर पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही कहा कि इस मामले में तह तक जाकर गिरदावरी में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि टोकन अगर गलत कटा है तो उसे राजफैड के स्तर पर जयपुर में ही ब्लॉक कर दिया जायेगा। संभागीय आयुक्त के पूछने पर श्रीडूंगरगढ़ एसडीएम ने बताया कि मूंगफली खरीद में गड़बड़ी को लेकर जो शिकायतें प्राप्त हुई, उनकी जांच करने पर ज्यादातर शिकायतें सही पाई गई है। इसकी रिपोर्ट जिला कलेक्टर को भिजवाई जा रही है।

मूंगफली खरीद में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने अधिकारियों की बैठक ली।

विदित है कि समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद को लेकर ऑनलाइन जारी हुए सभी 70 हजार टोकन के भौतिक सत्यापन करने का निर्देश जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा पहले ही सभी उपखंड अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। एसडीएम के स्तर पर इन टोकनों का भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। बैठक में संभागीय आयुक्त के अलावा जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, एडीएम प्रशासन सुरेश कुमार यादव, एडीएम सिटी रमेश देव समेत जिले के सभी एसडीएम उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक : कृषि आयुक्त चिन्मय गोपाल के निर्देशों की अनुपालना में बीकानेर खण्ड के अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) त्रिलोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में कृषि विभाग गतिविधियों की समीक्षा बैठक कृषि अनुसंधान केन्द्र सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यान, आत्मा एवं अन्य सम्बद्ध विभागों के बीकानेर, चूरू व जैसलमेर के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त निदेशक (कृषि) जोशी ने कृषि विभागीय योजनाओं की अब तक अर्जित प्रगति की समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं जैसे-फार्म पौण्ड, पाइपलाइन, डिग्गी, तारबंदी, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रशासनिक स्वीकृति जारी करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। जोशी ने कृषि आदान निरीक्षकों को निर्देशित किया कि रबी गुण नियंत्रण अभियान के तहत सिंगल सुपर फास्फेट एसएसपी उर्वरक के नमूने अधिक से अधिक लें।

कृषि आदान निरीक्षकों को निर्देशित किया कि गत वर्षों में अमानक पाये गए बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन के कोर्ट केस यदि शेष हैं, तो अविलम्ब दर्ज करावें। कृषि विभागीय गतिविधियों का लाभ किसानों को अधिक से अधिक मिले।

झांसा देकर व्यापारी से 75 लाख ठगे

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां एक बिजनेसमैन के साथ लाखों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। जोधपुर के व्यापारी ने श्रीगंगानगर के व्यापारी को बिजनेस में इन्वेस्ट कर हर महीने लाखों रूपए का फायदा देने का झांसा देकर पैसे हड़प लिए। आरोपी अब पैसे लौटाने से मना कर रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में पीडित माणकचंद बोथरा निवासी मदनविहार (श्रीगंगानगर) ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र भंडारी निवासी जोधपुर से उनकी पुरानी जान-पहचान थी। आरोपी ने अपनी फर्म शंखेश्वर इलेक्ट्रोनिक्स एंड सेनेटरी में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर कहा कि माणकचंद को हर महीने 7 लाख रूपए से अधिक का फायदा होगा। लालच में आकर बोथरा ने आईसीआईसी बैंक की लकड़ मंडी रोड ब्रांच से आरटीजीएस और चैक के जरिए अलग-अलग डेट में टोटल 75 लाख रूपए आरोपी राजेन्द्र भंडारी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। बदले में राजेन्द्र भंडारी ने 6 पोस्ट-डेटेड चैक सौंपे।

इसके बाद आरोपी ने पहला चैक बहाने से माणकचंद से वापस ले लिया और कहा कि वह आरटीजीएस से पैसे भेज देगा। जब माणकचंद ने बाकी के चैक लगाए तो वे बाउंस हो गए और व्यापारी को कोई मंथली फायदा नहीं मिला। इसके बाद माणकचंद बोथरा को ठगी का अहसास हुआ। जब बोथरा ने पैसे मांगे तो आरोपी ने पैसे लौटाने से मना कर दिया। आरोपी ने व्यापारी कहा कि जो करना है कर लो। पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। उसने पहले भी कई लोगों को ठगा है, ा

सार-समाचार

सोरायसिस से बचाव के गुर बताये

अन्तरराष्ट्रीय सोरायसिस दिवस पर चर्म रोग विभाग में मरीजों को चर्म रोग के प्रति जागरूक किया।

बीकानेर, (कासं)। चर्म रोग विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सोरायसिस दिवस के अवसर पर आम जनता में सोरायसिस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. बी.सी. घीया ने सोरायसिस से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों, कारणों एवं निवारण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सोरायसिस एक आनुवांशिक प्रतिरक्षा तंत्र की खराबी से होने वाली त्वचा की बीमारी है, जिसमें त्वचा की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे लाल पपड़ीयुक्त चकते, सिर पर रूसी जैसी पपड़ी, नाखूनों एवं जोड़ों में प्रभाव पड़ता है। डॉ. घीया ने स्पष्ट किया कि सोरायसिस छूआछूत की बीमारी नहीं है, यह कैंसर या कुष्ठ रोग की श्रेणी में नहीं आती तथा साधारण दवाओं से इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने सलाह दी कि रोग से घबराएं नहीं तुरंत चर्म रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें। सर्दियों में यह रोग बढ़ जाता है, इसलिए सावधानी बरतें। सोरायसिस को नियंत्रित करने के लिए धूम्रपान, मदिरापान एवं तम्बाकू से बचें, वजन नियंत्रित रखें, अनियंत्रित डायबिटीज एवं हाई ब्लड प्रेशर का समय पर इलाज करवाएं। मानसिक तनाव कम करने हेतु नियमित व्यायाम एवं योग करें, तला-भुना खाने से परहेज करें, संतुलित आहार अपनाएं तथा बिना सलाह के स्टीरॉयड या घरेलू नुस्खे न लगाएं। उपचार के संबंध में डॉ. घीया ने बताया कि सामान्यतः नारियल तेल, मॉइस्चराइजर, वैसलीन, त्वचा पर लगाने वाले स्टीरॉयड, कोल-तार, कैल्सिपोट्रायोल, एंथ्रलिन एवं बपू का उपयोग किया जाता है। गंभीर मामलों में मिथोट्रेक्सेट, साइक्लोस्पोरिन, बायोलॉजिकल एवं पूवा थेरेपी दी जाती है, लेकिन ये हमेशा चर्म रोग विशेषज्ञ की सलाह पर ही लें। उन्होंने चेतावनी दी कि सोरायसिस को जड़ से खत्म करने के चक्कर में नीम हकीमों से दूर रहें।

बकरियों के साथ जयपुर डीजी ऑफिस कूच करेंगे ग्रामीण

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में बढ़ रहे नशा तस्करी के मामलों पर रोक लगाने व पुलिस द्वारा कृष्ण बावरी की बकरियां बेचने के मामले में न्याय दिलाने सहित अनेक मांगों को लेकर ग्रामीण जयपुर कूच करेंगे। इसके लिए 6 नवम्बर को जिलेभर में तहसील मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। 20 नवम्बर को रायसिंहनगर से ग्रामीण बकरियों के साथ जयपुर पुलिस मुख्यालय के लिए कूच करेंगे।

माकपा नेता श्योपत राम ने मंगलवार को पंचायती राज धर्मशाला में प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि श्रीगंगानगर जिले में मेडिकल नशे व चिट्टे (हेरोइन) पर रोक लगाने और रायसिंहनगर में कृष्ण बावरी की बकरियां बेचने के मामले में उसे न्याय दिलाने सहित अनेक मांगों को लेकर जयपुर में डीजी ऑफिस का घेराव किया जायेगा। श्योपत राम ने कहा कि

- **नशा तस्करों से पुलिस की मिलीभगत का आरोप**
- **कृष्ण बावरी से पुलिस ने दलाल के जरिये चार बार रूपये ऐंठने का मामला**

रायसिंहनगर के रहने वाले कृष्ण बावरी से पुलिस ने एक दलाल के जरिए 4 बार रूपए ऐंठ लिए। कृष्ण बावरी ने अपनी बकरियां तक बेच दी।

उन्होंने रायसिंहनगर थाने के एएसआई, एसएचओ के रीडर और समेजा थाने के कांस्टेबल पर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी को सारे सबूत दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जिला पुलिस प्रशासन के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ श्रीविजयनगर से 6 नवम्बर को आंदोलन की शुरूआत की जायेगी। इस दौरान जिले की सभी तहसील मुख्यालयों पर सीएम का पुतला फूंककर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। 20 नवम्बर को सैकड़ों ग्रामीण रायसिंहनगर से पैदल बकरियां लेकर जयपुर के लिए कूच करेंगे। जयपुर में डीजी ऑफिस का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। श्योपत राम ने कहा कि एसपी मैडम जिद कर बैठी है, हम उनकी जिद को तोड़ने का काम करेंगे। पुलिस खाकी को बदनाम कर रही है और आरोपियों को संरक्षण दे रही है। पहले भी पुलिस में फैले भ्रष्टाचार के तथ्यों के साथ उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बुजुर्ग महिला से मारपीट के मामले में गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। घर में घुसकर बुजुर्ग महिला और उनके परिजनों से मारपीट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में चौथी गिरफ्तारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार और मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक जयपाल विश्नोई के निर्देशन में मामले की जांच की जा रही है। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने कुलविंदर सिंह उर्फ बंटी उर्फ बादल उर्फ रावण (23) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी 15 बीएलडी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद की गई है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

घर में घुसे बदमाश, महिला ने किया सामना

अनूपगढ़, (कासं)। वार्ड नंबर 24 में बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे लालचंद ठेकेदार के घर में बदमाश घुस गए। घर पर अकेली मौजूद महिला कृष्णा (35) ने उनका सामना किया। बदमाशों ने महिला के सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गई। उसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

कृष्णा ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य अनूपगढ़ में एक शादी समारोह में गए हुए थे। सुबह करीब 11:30 बजे जब वह घर के बाथरूम में थी। तभी उसने छत का दरवाजा खुलने और सीढियों से उतरने की आवाज सुनी। बदमाशों ने सीढियों के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया था।

बाथरूम से बाहर आने पर कृष्णा ने सीढियों पर एक 15-16 साल के लड़के को देखा। उसने एक बदमाश के पैरों पर डंडे से वार किया। इसके बाद वो छिपने के लिए दूसरे कमरे में चली

- **बदमाशों ने महिला के सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गई**

गई। लेकिन एक बदमाश उसके पीछे उस कमरे में घुस गया और किसी हथियार से उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले से उसे मामूली चोट आई। महिला ने दूसरे कमरे में घुसकर अपनी जान बचाई और तुरंत फोन पर अपने परिवार के सदस्यों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य घर पहुंचे और पड़ौसियों की मदद से बदमाशों की तलाश की, लेकिन तब तक वे भाग चुके थे। परिजनों ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर एएसआई रामकुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 4/5 के किला नं. 03 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 55'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती शोभा शर्मा पत्नी श्री अतुल निवासी 27 हाउसीग बोर्ड, जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर- अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती शोभा शर्मा पत्नी श्री अतुल निवासी 27 हाउसीग बोर्ड, जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 4/5 के किला नं. 03 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 55'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18412409 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 1 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 50' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती गोल्डी पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी 224 सेतिया कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती गोल्डी पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी 224 सेतिया कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 1 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 50' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18443882 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 5 में भूखण्ड संख्या का माप 12.6'' गुणा 50' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री भूपेन्द्र कुमार पुत्र श्री मदन लाल निवासी मकान नं.113 लक्ष्मी नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर- अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री भूपेन्द्र कुमार पुत्र श्री मदन लाल निवासी मकान नं.113 लक्ष्मी नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 5 में भूखण्ड संख्या का माप 12.6'' गुणा 50' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18440831 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 18448933 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28-10-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या 102 पार्ट माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदका श्रीमती आशा रानी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी 900, गली नम्बर 09, शिवनगर, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 (नियमन शाखा) में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती आशा रानी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी 900, गली नम्बर 09, शिवनगर, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या 102 पार्ट माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 18448933 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28/10/2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 52'-6'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री इन्द्रजीत मोटा पुत्र श्री सुखदेव सिंह निवासी 40-विद्या विहार, चक 5 ई छोटी, नजदीक अन्य विद्यालय श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री इन्द्रजीत मोटा पुत्र श्री सुखदेव सिंह निवासी 40-विद्या विहार, चक 5 ई छोटी, नजदीक अन्य विद्यालय श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 52'-6'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

श्रीविजयनगर मंडी में मजदूरों की हड़ताल

श्रीविजयनगर, (कासं)। अनाज मंडी में मजदूरों ने हड़ताल की घोषणा की है। लाइसेंस प्राप्त धान का तौला मजदूरों को निर्धारित मजदूरी से वंचित रखने के आरोप के बाद यह निर्णय लिया गया है। 30 अक्टूबर से मंडी में तौल कार्य ठप रहेगा।

मजदूरों का आरोप है कि सीसीआई द्वारा नरमे की खरीद शुरू होने के बावजूद उन्हें मंडी में प्रचलित मजदूरी दरों से कम भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना है कि फसल की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन उन्हें उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। मजदूर संघ ने मंडी प्रशासन और आढ़तियों को सूचित कर दिया है कि गुरूवार से कोई भी मजदूर तुलाई, झराई या अन्य मंडी कार्य नहीं करेगा।

- **मजदूरी दरों के कम भुगतान के चलते तौल कार्य ठप**

इस हड़ताल से मंडी की व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होने की आशंका है। मजदूर संघ ने आढ़तियों से अपील की है कि वे मंडी प्रांगण में पड़ी फसल को जल्द तुलवा लें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो हड़ताल अनिश्चितकालीन हो सकती है। मंडी प्रशासन ने स्थिति पर बारीकी से नजर रखते हुए मजदूरों से वार्ता के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

गोपाष्टमी पर गौ पूजन आज

बीकानेर, (कासं)। गोपाष्टमी के पर्व पर गोपालन विभाग के राज्य व्यापी अभियान में जिला स्तरीय गोपाष्टमी कार्यक्रम के अंतर्गत बीकानेर गौशाला संघ, गोपालन विभाग बीकानेर वह मुरली मनोहर गौशाला के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर को गोपूजन व गौ आरती स्थानीय मुरली मनोहर गौशाला भीनासर में आयोजित की जायेगी।

संघ के संरक्षक व मुरली मनोहर गौशाला भीनासर के संचालक सत्यनारायण राठी ने बताया कि गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौ पूजन व गौ आरती का आयोजन गौशाला में किया जायेगा। इस बार गोपाष्टमी का त्योहार गोपालन विभाग भी पूरे राजस्थान में मना रहा है। उसका जिला स्तरीय आयोजन मुरली मनोहर गौशाला भीनासर में किया जायेगा।

'मैं और मेरा पन' के भाव का त्याग करें : मेहुल प्रभ सागर

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर के रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में बुधवार को गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने प्रवचन में कहा कि 'मैं और मेरा पन' के भाव का त्याग करें। आत्मा व परमात्मा के अलावा संसार में कोई भी सांसारिक वस्तु, शरीर भी अपना नहीं है।

आयुष्य पूर्ण होने पर शरीर भी एक दिन पंच महाभूतों में विलीन कर दिया जाता है। जीवन की सार्थकता आत्मा व परमात्म तत्व को पहचान कर अपने को परमात्मा का तथा परमात्मा को अपना मानने में है। परमात्मा का स्मरण करने, परमात्मा के शासन के आज्ञा के अनुसार चलने, देव, गुरू व धर्म के प्रति श्रद्धा रखने में है।

- **जैन धर्म में संज्ञा का अर्थ सहज प्रवृतियों या मूल इच्छाओं से है, जो सभी जीवों में स्वाभाविक रूप से मौजूद होती है**

उन्होंने कहा कि मैं व मेरापन का भाव छूटने तथा आत्म व परमात्म स्वरूप की सही पहचाने से ही धर्म-आध्यात्म का सही पथ मिलता है। मैं और मेरापन का भाव सांसारिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति, ममत्व भाव बढ़ाता है। मैं और मेरा पन का भाव छूटने से अंतर में परिग्रह की संज्ञा कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि सभी जीवात्माओं में आहार संज्ञा, भय संज्ञा, भोग तथा परिग्रह की संज्ञा रहती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में संज्ञा का अर्थ सहज प्रवृतियों या मूल इच्छाओं से है, जो सभी जीवों में स्वाभाविक रूप से मौजूद होती हैं। इन प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने से ही आध्यात्मिक उन्नति होती है।

आहार संज्ञा (भोजन की प्रवृति) सभी जीवों में भूख व प्यास की स्वाभाविक प्रवृत्ति रहती है। तपस्या व उपवास से इस पर नियंत्रण होता है। भय संज्ञा में भय व असुरक्षा की भावना स्वाभाविक भावना है।

शेखर पेड़ीवाल सबसे महंगे बिके, 14 साल के अक्षत बाहेती सबसे छोटे खिलाड़ी

बीकानेर, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा करवाये जा रहे बीकाजी यूनिटी कप की ऑक्शन बीड़ सैरेमनी होटल सागर में आयोजित की गई। मां लक्ष्मी पूजन के बाद विजेता, उप विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

यूनिटी कप संयोजक व प्रदेश युव विंग उपाध्यक्ष लोकेश करनानी ने बताया कि इस ऑक्शन में प्रत्येक टीम ओनर को 20 लाख पाइंट की वैल्यू दी गई जो कुल 2 करोड़ पाइंट थी। कम उम्र के खिलाड़ी अक्षत पिच बर्नर में खेलेंगे। सबसे महंगे खिलाड़ी शेखर पेडिवाल बिशनलाल स्ट्राइकर में खेलेंगे। कुल नब्बे खिलाड़ियों में मुख्यत वैभव बागड़ी, हिमांशु अग्रवाल, मयंक सुराणा, यश सादानी, आशीष सेठिया, अनमोल सोनी, गोपाल कोठारी, अमित बांठिया, सौरभ चांडक, विशाल अग्रवाल सहित वैश्य

बीकाजी यूनिटी कप 2025 : प्लेयर्स ऑक्शन में विजेता, उप विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण किया।

समाज के खिलाड़ी प्रमुख नाम हैं। इस अवसर पर युवा विंग अध्यक्ष मुदित खजांची ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये इस तरह का आयोजन समाज के युवाओं को आधुनिक तकनीक के साधनों की ओर से आपसी मेल जोल को बढ़ाना व समाज में एक नयापन का संदेश है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीकाजी ग्रुप के प्रतिनिधि प्रबंधन शाखा

- **बीकाजी यूनिटी कप 2025 : प्लेयर्स ऑक्शन**

की सुमित्रा भादू ने बताया कि बीकाजी ग्रुप ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहन देने का कार्य करता रहा है। मुझे आज इस कार्यक्रम में आने से एक नया अनुभव भी हुआ है। मैं पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। ऑक्शन सैरेमनी की अध्यक्षता मैन विंग के अध्यक्ष विनोद बाफना ने की व सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विजय बाफना ने सभी का स्वागत किया युवा विंग सचिव किशन अग्रवाल ने बताया कि ऑक्शन का लाइव प्रसारण रहा जिसे हजारों लोगों ने देखा। टीमों में बीकानेर, नोखा, श्रीडूंगरगढ़, लूणकरनस, नापासर, खाजूवाला के खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है।

एक दिन के बच्चे को कचरे में फेंका

बीकानेर, (कासं)। एक दिन के बच्चे को डस्टबिन में फेंक दिया। बच्चे के बिलखने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रही महिला उसके पास पहुंची। बच्चे को देख महिला चौंक गई। मामला श